तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

11 राजिम मंडल में गांव-बस्ती चलो अभियान, भाजपा...


12 नेशनल हाईवे 130 बना डेथ जोन, राजिम का महानदी...




# पलायन रोकेंगे टाइगर रिजर्व के दुर्लभ वन्यप्राणी, गुडविल एम्बेसडर बनेंगे ग्राम मुखिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अब केवल वन्यप्राणियों का बसेरा नहीं, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार का नया द्वार खोलने जा रहा है। वन विभाग और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में दुर्लभ वन्यप्राणियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसी कड़ी में अब 'गुडविल एम्बेसडर' मुहिम शुरू की गई है, जिससे ग्रामीणों का दक्षिण राज्यों की ओर होने वाला पलायन रुकेगा और वे अपने ही जल-जंगल-जमीन से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेंगे। विगत 3 वर्षों में टाइगर रिजर्व में

■ ईको-पर्यटन से बदलेगी मैनपुर की तस्वीर

अलग खबर

## दुर्लभ पक्षी और जानवर बनेंगे आकर्षण का केंद्र





पश्चिमी घाट के दुर्लभ वन्यप्राणी जैसे मालाबार पाइड हॉर्नबिल, भारतीय उड़न गिलहरी, भारतीय विशाल गिलहरी और शाहीन फाल्कन (दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी) की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। इन दुर्लभ जीवों को देखने के लिए अब दूर-दूर से पर्यटक यहाँ पहुँच रहे हैं। गरियाबंद और धमतरी जिलों के नक्सलवाद से मुक्त होने के बाद अब पर्यटन की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं।

**ग्राम मुखिया बनेंगे गुडविल एम्बेसडर-** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों और सरपंचों को 'गुडविल एम्बेसडर' बनाया गया है। ये एम्बेसडर फील्ड स्टाफ के साथ मिलकर युवाओं को नेचर गाइड और सफारी गाइड बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इन गाइडों का ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**मैनपुर।** मैनपुर थाना द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को जेल भेजा गया है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया था और आरोपी तामेश्वर उर्फ भावेश 21 वर्ष ने नाबालिक लड़की को बहला फूसलाकर अपने साथ ले गया था साथ ही उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया मामले की शिकायत कर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी तामेश्वर उर्फ भावेश 21 साल का डॉक्टरी मुलहाजा करवा कर धारा 137 (2) 87 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

### सिर्रीकला में भक्त माता कर्मा जयंती और वार्षिक अधिवेशन आज

**फिंगेश्वर।** 13 अप्रैल को साहू समाज भसेरा परिक्षेत्र के तत्वाधान मे भक्त माता कर्मा जयंती, वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम सिर्रीकला (फिंगेश्वर) में आयोजित किया गया है जिसका कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से भवानी पुर बलौदाबाजार वालों का पवन गंगा पडवानी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है दोपहर 2 बजे अतिथि आगमन,स्वागत उद्बोधन, दोपहर 3 बजे महाआरती एवं रात्रि 7 बजे भोजन प्रसादी की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे वहीं पर अध्यक्षता जिला साहू संघ के गरियाबंद के अध्यक्ष प्रवीण साहू की गरिमामय उपस्थिति होगी। इसी प्रकार विशिष्ट भुनेश्वर साहू, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साह संघ, छत्तीसगढ़, लाला साहू, अध्यक्ष साहू समाज राजिम भक्तिन माता मंदिर, नारायण साहू संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष-जिला साहू संघ गरियाबंद, खोमन साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ फिंगेश्वर, जगदीश साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजिम, रामूराम साहू संरक्षक जिला साहू संघ गरियाबंद, कुंजन साहू संरक्षक जिला साहू संघ, गरियाबंद, सोमप्रकाश साहू संरक्षक-जिला साह संघ, अतिथि शामिल है।



### छुईहा चरोदा में शिव महापुराण कथा 17 से

**गरियाबंद।** ग्राम छुईहा चरोदा में 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन स्वर्गीय डेरहा राम सिन्हा स्वर्गीय ढेला बाई सिन्हा एवं स्वर्गीय पार्थिव राम सिन्हा की स्मृति में किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित त्रिभुवन महाराज मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजकों मोरध्वज सिन्हा, उर्वशी सिन्हा, देवेंद्र कुमार सिन्हा एवं गायत्री सिन्हा के द्वारा इस आयोजन को संपन्न कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए चेतन सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं स्थापना के साथ होगा। आयोजन के तहत प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना, दोपहर 11 बजे से 1:30 बजे तक कथा प्रवचन तथा संध्या 3:15 से 5:30 बजे तक भी प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह, सती चरित्र, दक्ष यज्ञ, कार्तिकेय एवं गणेश जन्म सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। 17 अप्रैल को हवन-पूजन, श्रद्धा वितरण एवं महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## दुर्घटना : परसुली वन क्षेत्र के कामरभौदी गांव में पसरा मातम

# महुआ बीनने गए ग्रामीण पर जंगली जानवर का जानलेवा हमला, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महुआ सीजन के बीच जिले के सड़क परसुली वन परिक्षेत्र से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। जंगल में महुआ बीनने गए एक ग्रामीण पर जंगली जानवर ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ग्राम कामरभौदी निवासी पिल सिंह भुजिया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, पिल सिंह भुजिया रोजमर्रा की तरह सुबह वनोपज महुआ बीनने के लिए जंगल गए हुए थे। इसी दौरान घने जंगल में छिपे एक जंगली जानवर ने उन पर अचानक हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर जंगली सूअर के हमले की बात कही जा रही थी, लेकिन मृतक के शरीर पर मिले गहरे और भयावह निशानों को देखते हुए भालू के हमले की भी प्रबल आशंका जताई जा रही है। हमले के बाद लहूलुहान हालत में ग्रामीण को तत्काल गरियाबंद स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि मृतक के हाथ, पैर, छाती और पीठ पर गहरे जख्म थे। अत्यधिक खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद कामरभौदी गांव में मातम पसरा हुआ है।

■ अचानक हुआ हमला, शरीर पर गहरे जख्म



### वन विभाग ने पहुंचाई त्वरित सहायता

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ। विभाग की ओर से नियमानुसार प्रारंभिक तात्कालिक सहायता राशि परिजनों को प्रदान की गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले जंगल न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

### सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में चिंता

महुआ सीजन होने के कारण वर्तमान में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे तड़के ही जंगल का रुख करते हैं। इस घटना ने ग्रामीणों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में वनकर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए। जंगली जानवरों की आवाजाही पर निगरानी रखी जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### महुआ बीन रहे ग्रामीणों के करीब पहुंचा भालू, लोगों ने शोर मचाकर भगाया

**पाण्डुका।** वन परिक्षेत्र पाण्डुका में जंगली जानवरो की बहुत सी संरक्षित प्रजाति है जो कभी कभार सड़क पर नजर आ जाते है और लोग इन दिनों महुवा बिनने जंगलों मे जा रहे है। तो जंगल के जंगली जानवरो में डर का माहौल बन जाता है। ऐसे में जंगली जानवर इधर उधर भागते नजर आते है, ऐसा ही कुछ वन परिक्षेत्र पाण्डुका के साकरा, तौरेंगा बिट में देखने को मिला। जहां एक जंगली भालू महुवा बिन रहे लोंगो के पास आ गया था, फिर लोगो आवाज लगाकर भालू को दूर भगाया। अच्छा ये रहा कि कोई अनहोनी घटना नहीं हुआ और भालू जंगल की ओर सुरक्षित भाग निकला। वहीं कुछ लोग मोबाइल लेकर जंगल गए थे उन्होंने विडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुई। इन सब घटना क्रम की जानकारी जब वन परिक्षेत्र अधिकारी पाण्डुका को पता चला तो उन्होंने बिट गॉर्ड लोकेश श्रीवास सहित ग्रामीणों से अपील किया कि जंगली जानवरो से दूर रहे उन्हें उनके घर जंगल में स्वतंत्र विचरण करने दे।किसी भी तरह की छेड़खानी न करें।



# देवभोग में 20 लीटर अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना देवभोग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20.430 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को थाना देवभोग पुलिस टीम टाउन पेट्रोलिंग एवं जुर्म-जरायम पतासाजी में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवभोग के बेलाट नाला रोड किनारे एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम यशवंत उर्फ रगु यादव (31 वर्ष), निवासी ग्राम कुहकुहकला, थाना देवभोग बताया की तलाशी के दौरान आरोपी के पास से पीले थैले और सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई। इसमें ओडिशा निर्मित महुआ शराब के 35 पाउच (7 लीटर), किंगफिशर बियर की 19 बोतलें (12.350 लीटर) और मैकडॉवेल नंबर-1 की 6 बोतलें (1.080 लीटर) शामिल हैं। कुल मिलाकर 20.430 बल्क लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 6,750 आंकी गई है। आरोपी द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में स्पेशल टीम गरियाबंद एवं थाना देवभोग पुलिस का सराहनीय योगदान रहा है।

# 1 मई से जनगणना का पहला चरण डिजिटल तरीके से जुटेगा घर-घर का डेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

2027 की प्रस्तावित जनगणना तहत क्षेत्र में 1 मई 2026 से शुरू होकर 30 मई 2026 तक पहला चरण संचालित किया जाएगा। इस चरण में 'हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस' के माध्यम से राज्य के प्रत्येक मकान, परिवार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तय समयावधि में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और सटीक हो सके। नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत लोग निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपने घर और परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाइन जानकारी भरने वाले प्रत्येक परिवार को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सर्वे के दौरान कर्मचारियों को दिखाना अनिवार्य होगा। इस चरण में कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके माध्यम से मकान की स्थिति, उसका उपयोग (आवासीय या व्यावसायिक), निर्माण की गुणवत्ता (कच्चा या पक्का), परिवारों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं का आकलन किया जाएगा। इसके अलावा पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, बिजली कनेक्शन, खाना बनाने के ईंधन, इंटरनेट, टीवी और रेडियो जैसी सुविधाओं की जानकारी भी ली जाएगी। परिवार के सदस्यों की संख्या तथा उपयोग में आने वाले वाहनों का विवरण भी दर्ज किया जाएगा।



**हर घर बनेगा डिजिटल डॉट, मिलेंगे कई बड़े लाभ-** जनगणना के इस चरण की खास बात यह है कि प्रत्येक ▶▶|शेष पेज 10 पर

# एनएच पर उड़ रही धूल से जनजीवन बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों सड़क में धूल के गुब्बार के कारण नगर के लोगों का हाल बेहाल है। मुख्य मार्ग में बड़े वाहनों के गुजरते ही धूल ही धूल नजर आता है और धूल से लोग परेशान हो रहे है। खासकर सड़क किनारे दुकानदार बेहद परेशान है। सुबह से शाम तक वे दुकानों से धूल साफ करते दिखाई देते है, मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे में बडे वाहनों के गुजरते ही चारो तरफ धूल ही धूल से लोग परेशान हो रहे है बारिश थमने के बाद सडको में उड रही धूल से मुसीबत बड गई है वाहन के पीछे चलते वाले बाईक सवारो को सबसे ज्यादा इस मुसीबत का सामना करना पड रहा है इससे लोगो के सेहत पर भी असर पड रहा है, धूल के इनफ्केशन के चलते लोंगो में सांस की तकलीफे बढ रही है नेशनल हाईवे मार्ग के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रें के मार्गो में तो और बुराहाल है,बढे वाहनों के गुजरते ही धूल के गुब्बार में सड़क नजर नहीं आता नगर में धूल से दुकानदार सबसे ज्यादा परेशान है दुकानदारों ने बताया कि धूल के कारण समान खराब हो रहे है लोग धूल से बचने स्कार्फ बांधकर बाईक चलाने मजबूर हो रहे है।

## लू से बचने सुबह की बसों में उमड़ रही यात्रियों की भीड़

# गर्मी का सितम, दोपहर में सन्नाटा, लोगों ने बदली दिनचर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी और तेज धूप ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब यात्रा करने वाले लोग अपनी दिनचर्या बदलने को मजबूर हो गए हैं। विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले यात्री सुबह जल्दी घर से निकलना ही सुरक्षित और सुविधाजनक मान रहे हैं। सुबह के समय बस स्टैंड पर यात्रियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग सुबह की पहली बसों में ही अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे हैं ताकि तेज धूप और लू से बचा जा सके। वहीं, जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, गर्मी का प्रकोप बढ़ता जाता है। ग्यारह-बारह बजे के बाद स्थिति और भी कठिन हो जाती है, जब सड़क पर निकलना भी मुश्किल लगने लगता है। दोपहर के समय बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा नजर आता है। यात्री बसें भी अपेक्षाकृत खाली दिखाई दे रही हैं, जिससे स्पष्ट है कि लोग अब दोपहर के समय यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं।



**स्वास्थ्य का खतरा, महिलाओं और बच्चों की चिंता-** खासकर महिलाओं और बच्चों को तेज धूप में होने वाली परेशानी-जैसे सिरदर्द, चक्कर और थकान-को देखते हुए परिवार सुबह के समय ही यात्रा करना ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती गर्मी के चलते यह बदलाव जरूरी हो गया है। वहीं, प्रशासन और परिवहन विभाग से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह के समय अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करें, ताकि बढ़ती भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। कुल मिलाकर, गर्मी के इस मौसम ने लोगों की यात्रा की आदतों को पूरी तरह बदल दिया है, और सुबह का समय अब सबसे सुरक्षित और उपयुक्त विकल्प बनकर उभरा है।

# नवविवाहिता ने लगाई आग हालत नाजुक, रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में एक नवविवाहिता द्वारा खुद को आग लगाने का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय खोमीन बाई का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व आमदी (द) निवासी सितल कुमार के साथ हुआ था। उसका मायका अरकटट बारूला में है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने यह कदम उठाया, हालांकि घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना में महिला लगभग 60 से 70 प्रतिशत तक झुलस गई है। परिजनों द्वारा उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वहीं, जब इस संबंध में ससुराल पक्ष से बातचीत की गई, तो ससुर ने आत्महत्या के प्रयास की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिलहाल मामले की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस और प्रशासन द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### अमलीपदर में पटवारी संघ की बैठक



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत तहसील शाखा अमलीपदर के तत्वाधान में राजस्व पटवारी संघ जिला गरियाबंद का जिला स्तरीय कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला के समस्त पटवारी बड़ी संख्या में शामिल हुए । इसमें सर्व सम्मति से सभी तहसीलों की पटवारियों की समस्याओं एवं मांग के संबंध में चर्चा हुई एवं जल्द ही जिला के कलेक्टर को अवगत कराकर समाधान करवाने का निर्णय लिया गया है, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व पटवारी संघ गरियाबंद के जिला अध्यक्ष गुलशन यदु द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सभी साथियों को प्रांत एवं जिला के निर्देशों का पालन करने एवं संघीय एकता बनाए रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और इसे बनाए रखने की अपील भी की है। समस्त जिला स्तरीय समस्या समय सीमा में पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन का रुख अपनाने के लिए भी जिले के पटवारी तैयार है बैठक में आशीष चतुर्वेदी, टकेश्वर वर्मा, लव साहू, विजय सोनी, जालंधर भोई, नरेंद्र साहू, कोमल वर्मा, वासुदेवकरण, पेनेंद्र साहू, भावेंद्र साहू, ताम्रध्वज दिवान, अश्वनी दीवान, राकेश ठाकुर, रंजिता कश्यप, मीना साहू, मनीषा साहू, निर्मला ध्रुव, देवंती ध्रुव, मीरा टंडन, खेमराज सेन, नोहर श्रीवास, अजय बघेल, ब्रम्हा मरकाम, शिव ध्रुव, नारायण सोम, मनोज कंवर, नीरज दिवान, नरेश ध्रुव, तिलक शण्डिल्य, संतोष ध्रुव, राम कृष्ण सिन्हा, राकेश साहू, टकेश निषाद, हेमंत सेन, सुशील साहू, नंदलाल ध्रुव, गणेश दिवान, शेखर बांधे आदि उपस्थित थे।

### पायल और यश का जेईई एडवंस मेंटरशिप के लिए चयन, दिल्ली में लेंगे मुफ्त कोचिंग



**छुरा।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा के दो मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र पायल और यश कुमार नेताम का चयन जेईई एडवंस 2026 के विशेष फोकस्ड मेंटरशिप कार्यक्रम के लिए हुआ है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी अंचल के मेधावियों को आईआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश के लिए तैयार करना है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से मात्र 17 छात्रों का चयन किया गया है, जिसमें EMRS कोसमबुड़ा के इन दो छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत, बल्कि विद्यालय के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करेगी।

## सम्मेलन : सहसपुर में रामचरित मानस सम्मेलन का समापन

# रामचरितमानस जीवन जीने की कला : शिवांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम सहसपुर में शुक्रवार से रविवार तक जिला स्तरीय संगीतमय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से कलश यात्रा गांव की गलियों में निकाला गया और गांव की देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सफल आयोजन की कामना की व आशीर्वाद लिया गांव से भारी संख्या में महिलाएं कलश लेकर पहुंची और सरगी नदी में मां गंगा की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम दिवस सहसपुर के शिव ज्ञान गंगा महिला मानस परिवार सहसपुर, जय गणेश मानस परिवार कसेरूडीह, और अंतिम कड़ी पर शिव गंगा मानस परिवार तौरंगा जिला गरियाबंद के शानदार प्रस्तुति दी गई जहां गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने तथा पंडाल में पहुंचे हुए थे क्षेत्र में लगातार धार्मिक आयोजनों से वातावरण शांत व सुंदर लग रहा है लोग भक्ति के रस में डूबे हुए हैं और धार्मिक आयोजनों में रुचि ले रहे हैं साथी अपने मनोकामनाओं को भी पूर्ण करने भगवान की स्तुति व भजन कर रहे हैं. कार्यक्रम गांव के सतत प्रयास व दानदाताओं के सहयोग से शिव चौक प्रांगण पर किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि नरशु ध्रुव, मेश्राम साहू भूपेंद्र गंधर्व उत्तम कुमार, घनश्याम साहू जैसे जिम्मेदार व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को गति प्रदान मिल रही है रामचरित्र मानस गान के द्वितीय दिवस पर सत्संग मानस परिवार सहसपुर, राजीव लोचन मानस परिवार परतेवा, लावण्या निधि बालिका मानस परिवार जमाही, जय दुर्गा मानस परिवार मौली पर बासीन, माधुरी महिला मानस परिवार नहरगांव और प्रज्ञा मानस परिवार सोरीद खुर्द जिला गरियाबंद की प्रस्तुति से पंडाल भक्तिमय हो गया।



**राम के आदर्शों को जीवन में अत्मसात करें-** मुख्यातिथि के रूप मे पहुंचे द्वितीय दिवस पर वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा की आदरणीय संतगण, श्रोतागण और रामभक्तों, आज इस पावन रामचरितमानस सम्मेलन में उपस्थित होकर मन को जो शांति और सुकून मिल रहा है, वह अनुपम है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने जिस मानस सरोवर की रचना की है, उसमें डूबकर ही हम जीवन रूपी दुखों से मुक्ति पा सकते हैं। रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। आइए, हम राम के आदर्शों को, लक्ष्मण की निष्ठा को, सीता के त्याग को और हनुमानजी की भक्ति को अपने आचरण में उतारें और एक आदर्श समाज का निर्माण करें। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक कहा की रामचरितमानस सम्मेलन भारतीय संस्कृति, भक्ति और नैतिकता का एक पावन आयोजन है, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही सरपंच ग्राम पंचायत सहसपुर लता ध्रुव ने कहा की आज हम यहां न केवल एक ग्रंथ का पाठ करने के लिए, बल्कि जीवन के सबसे बड़े मार्गदर्शन श्रीरामचरितमानस' के दिव्य संदेश को अपने अंतर्मन में उतारने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह सम्मेलन केवल कथा नहीं, बल्कि मानव धर्म का एक उत्सव है। इस दौरान पुष्पा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, खिलेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, खेमिन साहू पूर्व सरपंच सहसपुर, संतोष कुलदीप पूर्व सरपंच सहसपुर, नरशु ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, जगन्नाथ साहू बोरसी, केशर साहू कुम्ही रमेन्द्र साहू पूर्व सरपंच धुरसा, जनक सेन पूर्व उपसरपंच सहसपुर मौजूद रहे।

### पुरेना में गूंज रही रामकथा, पनिहारिन दाई धाम में मानस मंडलियों का संगम

हरिभूमि न्यूज छुईहा बेलर। ग्राम पुरेना की पवित्र पावन पनिहारिन दाई धाम में विभिन्न जिलों से विशेष आमंत्रण पर पधारे मानस मंडली द्वारा रामचरितमानस संगीतमय सस्वर गान सह व्याख्यान समारोह 9 से 12 अप्रेल तक आयोजित किया गया है। आयोजन का नौंवा वर्ष का आज तीसरा दिन है और कल देर संध्या भव्य समापन होंगा। किसी भी कार्यक्रम की सफलता का बड़ा श्रेय मंच संचालक उद्घोषक को जाता है। वह अपनी वाणी, प्रस्तुति और शैली से श्रोताओंदर्शकों को अंत तक बांधे रखने की क्षमता रखता है। वहीं पुरेना गांव की इस कार्यक्रम में ग्वाला प्रसाद यादव पटखट राजनांदगांव का अच्छा संचालन दोहाचौपाई के सस्वर पाठ, प्रेरक प्रसंग और सामयिक टिप्पणियों से माहौल में ऊर्जा भर रहा है। उसकी ओजस्वी आवाज़, मधुर हंसी और ठिठोली भरी बोली दर्शकों को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि कार्यक्रम से भावनात्मक रूप से जोड़ रहा है। शुक्रवार को मानस मंच में मंडली पुरेना ,आल मित्र मानस परिवार हनईबंद, गण्डई (पनडरिया) सम्पूर्ण महिला मानस परिवार सिंधौरी खुर्द (धमतरी)गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहार (बागबाहरा) स्वरांजली मान परिवार तुमाकला (धमधा) जय सरस्वती बालिका मान परिवार मड़ईभाठा (धमतरी)माँ के ममता मानस परिवार चिल्हारी (कांकेर)श्री गुरु बैताल मान परिवार अरौद (मगललोड, धमतरी) स्वरांजली महिला मान परिवार भैसाकटदा



(कांकेर) की मानसगान सह संगीतमय व्याख्यान ने श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंच से सस्वर चौपाईदोहों का पाठ और मार्मिक व्याख्या के साथ रामकथा का गुणगान हुआ, जिसने पूरे पंडाल को राममय बना दिया। व्याख्याकार युगलकिशोर साहू,दुजेलाल वर्मा ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र की महिमा बताते हुए कहा कि राम का जीवन त्याग, सत्य, कर्तव्य और करुणा का प्रतीक है। वनवास की पीड़ा से लेकर राज्याभिषेक तक, प्रत्येक प्रसंग को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरक सीख के रूप में प्रस्तुत किया गया। तुषार साहु,उमंग,सोमाशुं साहू, कृपाल, गोयल,मानव, दामनदास मानिकपुरी, भुपेंद्र यादव,सोहन मानिकपुरी, चैनदास, की गायन, संगीत, वाद्य और भावप्रवण कथाशैली ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देर तक तालियाँ बजाते पुरूस्कृत करते रहे। आयोजन में माताबहनों, युवाओं और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि रामायण के आदर्शों को जनजन तक पहुंचाकर नैतिक मूल्यों का जागरण करना है। दर्शक श्रद्धालुओं ने कहा की ऐसे मानसगान आयोजन से नई पीढ़ी धर्मसंस्कृति से जुड़ती है और राम के आदर्श जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस मौके पर जनपद सदस्य उमा राधेश्याम साहू,पन्ना राम मिर्चे, मानसिंह साहू, घनश्याम साहू, भगत मिर्चे, अमर सिंग साहू, राधे राम साहू ,त्रिलोचन निषाद, आनंद राम साहू, जहूर राम साहू, लोमस साहू, प्रेमचंद साहू, नाथूराम साहू, मोहन मिर्चे, त्रिलोचन निषाद, मलेश राम साहू, रूपनारायण साहू, तोरण निषाद, कोमल साहू, चमन राम साहू, सेवाराम साहू, अशोक साहू, डेरहु राम ध्रुव, अरविंद ध्रुव, मंगल, अनुसुइया, भेषराज, विरेन्द्र, ढलेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, सुखनंदन,उमेश, अश्वनी, धनेश्वर, तुलस, आयोजन से जुड़े सदस्य, ग्रामवासी पुरेना एंव आसपास गांव से पहुंचे दर्शन उपस्थित थे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर फिंगेश्वर में 'घर-घर चलो' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भारतीय जनता पार्टी 47 वे स्थापना दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश के नेतृत्व पर भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार भाजपा मंडल फिंगेश्वर के बूथ खैरझिट्टी एवं गुंडरदेही मे भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण योजना लाभार्थी जनसंपर्क अभियान गांव चलो,बस्ती चलो,घर घर चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के 9 ग्रामों को जिला द्वारा चिन्हित किया गया जिसमे आज ग्राम खैरझिट्टी एवं गुंडारदेही मे..भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर मंजू लता हरित के नेतृत्व मे आज लाभार्थी जनसंपर्क अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यकर्ताओ ने गांवो की गली भ्रमण कर जय श्रीराम एवं भारतीय जनता पार्टी के नारे लगाये। कार्यक्रम में अनेक लाभार्थियों से संपर्क कर जन कल्याणकारी योजना का जानकारी लिया गया जिसमें बड़े ही उत्साह के साथ लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नलजल, किसान सम्मान निधि, भूमिहिन परिवार को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता, महतारी वंदन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण जानकारी लाभार्थियों से लिया गया। लाभार्थियों ने उत्साह और हर्ष के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री.विष्णु देव साय के प्रति लाभार्थियों ने खुशी ब्यक्त किया एवं बधाई दी।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के फिंगेश्वर मंडल के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर मंजू लता हरित, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिंजून साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, रामकिशुन साहू, रहमान पटेल, अशोक दीवान, उमराव ध्रुव, दुलारी पटेल, सुबोध सिंह ध्रुव, हेमलाल साहू सहित अनेक कार्यकर्त्ता भाजपा, खैरझिट्टी ग्रामीण जन उपस्थित थे एवं इसी तरह ग्राम गुंडरदेही में वरिष्ठ कार्यकर्ता कृषलाल साहू, बूथ अध्यक्ष नारायण साहू, कृष्ण कुमार साहू, हीरामन साहू, विनोद कुमार साहू, उमेश साहू,गगन बघेल, मातृ शक्ति सुखिया बाई साहू, रामबाई साहू, मनवा बाई साहू, सुभद्रा बाई सहित अनेक कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल गरियाबंद में प्रवेश शुरू

**गरियाबंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार इच्छुक पालक अपने बच्चों का आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कर सकते हैं। संस्था के प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिले को लेकर पालकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि, इस वर्ष केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश दिया जाएगा, क्योंकि अन्य सभी कक्षाओं में सीटें पहले से ही पूर्ण हैं। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। यदि आवेदन संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होती है, तो चयन के लिए मैन्युअल लॉटरी (पर्ची पद्धति) का सहारा लिया जाएगा। यह लॉटरी प्रक्रिया 6 मई से 10 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें पालकों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निष्पक्ष रूप से बच्चों का चयन किया जाएगा।

# रोबा, भसेरा और बिनोरी में गूंजा भाजपा का गांव चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अंतर्गत ग्राम रोबा,ग्राम भसेरा एवं ग्राम बिनोरी मैं गांव चलो बस्ती चलो का कार्यक्रम के तहत घर–घर भाजपाइयों ने पहुंचकर एवं हितग्राहियों से सरकार से मिलने वाले विविध जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लिए जिसमें हितग्राहियों ने अपने घर मिलने वाले विविध योजनाओं के प्राप्ति पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य रामू राम साहू,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष डॉक्टर मंजू लता हरित,मंडल उपाध्यक्ष मिंजून साहू,महामंत्री प्रेमलाल टोडर,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर संतराम साहू,लचकेरा सोसायटी के अध्यक्ष कोमल ढीढी मंत्री जगदेव सिंहा,अरुण सिन्हा,ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिन्हा, भगवत सिन्हा,विनीत उपाध्याय,शीतल साहू दिनेश साहू,गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए ग्रामरोबा भसेरा बिनोरी में कहा कि भाजपा का स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुआ और अभी 47 वें स्थापना दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया तथा 6 से 11 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बस्ती में लोगों के घर जाकर उनको मिलने वाले योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर चर्चा करना रहा है। श्री साहू ने कहा कि ग्राम के हितग्राहियों ने बताया कि अधिकांश परिवारों को केंद्र के मोदी सरकार एवं राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की योजनाएं का फायदा मिल रहा है। ग्राम भसेरा में हितग्राही नारायण साहू, सुखराम साहू, आमना साहू पूर्णिमा साहू, हेमलता साहू आदि के घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली तो सभी ने सरकार से संतुष्टि एवं खुश होने की बाते कहीं। इस अवसर पर कार्य करता डिगेश साहू, संजय साहू, मिथलेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे वहीं पर ग्राम बिनोरी में शीतल साहू,दिनेश साहू, रितु साहू, टीकम साहू, अनिल कुमार साहू की उपस्थित रही।

# साहू संघ पाण्डुका के दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए विरेन्द्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

परिक्षेत्र साहू संघ पाण्डुका (22 पाली) के सात पदों हेतु निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुआ। यह चुनाव पाण्डुका परिक्षेत्र का ऐतिहासिक चुनाव रहा। जिसमें 22 गांव के कुल 411 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए विरेन्द्र साहू (बोड़राबांधा) को कुल 229 वोट और धर्मेन्द्र साहू (पाण्डुका) को 180 वोट प्राप्त हुआ। 2 वोट रिजेक्ट हुआ। इस तरह विरेन्द्र साहू 49 मतों के अंतर से जीत दर्ज की उपाध्यक्ष पद पर श्रवण साहू (रजनकटा) ने ईश्वर साहू (पचपेड़ी) से 27 मतों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर हेमलता साहू (अतरमरा) ने 23 मतों से जनपद सदस्य दुलारी साहू, व सरपंच तुलेश्वरी साहू को हरा कर विजय प्राप्त की। सचिव पद पर युवराज साहू (गाड़ाघाट) (69 मत), कोषाध्यक्ष पद पर टोमन साहू (कुरूद) (114 मत), अंकेक्षक पद पर मनीराम साहू (पोड़)(66 मत) तथा संगठन सचिव पद पर नेतराम साहू (14 मत) से विजयी हुए। संगठन सचिव महिला पद निर्विरोध मुन्नी साहू (कुरूद) निर्वाचित हुआ । परिणाम घोषणा के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। निर्वाचन को सफल बनाने में निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र साहू(अध्यक्ष तलसील साहू संघ छुरा), सह निर्वाचन अधिकारी गोपाल साहू(सचिव तहसील साहू संघ छुरा), पर्यवेक्षक नूतन साहू (कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरा)एवं 22 गांवों के ग्रामीण अध्यक्षों का विशेष योगदान रहा।

# ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने नरेंद्र



**छुरा।** नगर के मानस मंदिर छुरा में ब्राह्मण समाज छुरा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों एवं समाज के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नरेंद्र तिवारी को ब्राह्मण समाज छुरा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके नाम पर सभी ने सहमति जताते हुए हर्ष व्यक्त किया। पदग्रहण के पश्चात नरेंद्र तिवारी ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्ष स्व. अशोक दीक्षित द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए जो कार्य प्रारंभ किए गए थे, उन्हें उसी दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र पाण्डेय, धनंजय शुक्ला, अजय शुक्ला, मनोज शर्मा, अजय दीक्षित, दुर्गा दीक्षित, रमेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र दीक्षित, मोनू दीक्षित, भोला पाण्डेय, अखिल पाण्डेय एवं मेष नंदन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने नव-नियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## पेज 9 के शेष...

### पलायन रोकेंगे टाइगर...

पंजीकरण टाइगर रिजर्व की आधिकारिक वेबसाइट पर होगा, जिससे पर्यटक ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इससे ग्रामीणों को बोर गाड़ी या ईंट भट्टियों में काम करने के लिए आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु नहीं जाना पड़ेगा।

इन गांवों को मिली नई पहचान और सुविधाएं- पर्यटन को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न गांवों को वहां पाए जाने वाले प्रमुख जीवों के नाम से पहचान दी गई है। उड़न गिलहरी ग्राम कुल्हाड़ीघाट यहां बनसिंग सोरी के नेतृत्व में कायाकिंग और जिप्सी सफारी की सुविधा मिलेगी। हॉर्नबिल ग्राम ओढ़ सरपंच राजी बाई शोरी के मार्गदर्शन में ट्रैकिंग, कायाकिंग और टेंट हाउस स्टे की व्यवस्था। वन-भैंसा ग्राम साहेबिनकछार व नागेश रूपसिंह मरकाम और अर्जुन नायक के माध्यम से जिप्सी सफारी उपलब्ध। विशाल गिलहरी ग्राम कोयबा यहाँ पर्यटकों के लिए 8 कॉटेज और 2 जिप्सी की व्यवस्था की गई है। अन्य प्रमुख केंद्र आमामोरा (हॉर्नबिल), बुड़गेलटप्पा (शाहीन बाज), इन्दागांव (गौर), भीरागांव (बाघ) और सिंघनपुर।

वेबसाइट से होगी ऑनलाइन बुकिंग- अब पर्यटक घर बैठे ही इन दुर्लभ वन्यप्राणियों को देखने के लिए सफारी और गाइड बुक कर सकेंगे। वन विभाग का मानना है कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ढांचा तैयार होगा, जिससे वनों के संरक्षण के प्रति ग्रामीणों का लगाव और बढ़ेगा।

### 1 मई से जनगणना...

मकान की जियो-टैगिंग की जाएगी और उसे डिजिटल मैप पर चिन्हित किया जाएगा। इससे हर घर एक 'डिजिटल डॉट' के रूप में दर्ज होगा। इस व्यवस्था से आपदा प्रबंधन के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आएगी, क्योंकि तत्काल यह जानकारी उपलब्ध होगी कि किस घर में कितने लोग रहते हैं। इसके साथ ही यह डेटा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए सटीक आधार प्रदान करेगा। शहरी क्षेत्रों में सड़क, स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे की बेहतर योजना बनाने में भी यह सहायक होगा। पलायन, जनसंख्या वृद्धि और शहरीकरण के वास्तविक रुझानों को समझने में भी यह जनगणना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा मतदाता सूची में डुप्लीकेट नामों की पहचान और सुधार में भी मदद मिलेगी।

**जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीय-** सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी। इनका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं के निर्माण, नीति निर्धारण और विकास कार्यों की योजना बनाने के लिए किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए हेल्पलाइन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत पहचान पत्र वाले गणनाकर्मियों को ही जानकारी दें और सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## जून 2026 तक केवाईसी अनिवार्य, वरना रुक सकती है सहायता राशि : सरिता ठाकुर



**मैनपुर।** भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मैनपुर के पूर्व सरपंच सरिता ठाकुर ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं छत्तीसगढ़ राज्य की संवेदनशील विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन के तहत मातृ शक्ति-माताओं एवं बहनों के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की सभी पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनका सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले एवं प्रदेश के सभी हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए माह जून 2026 तक केवाईसी करवाना अनिवार्य है, केवाईसी पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मासिक सहायता राशि प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न हो सकती है, उन्होने सभी हितग्राहियों से विनम्र निवेदन एवं आग्रह है कि वे अपने नजदीकी संबंधित च्वाईस सेंटर ग्राम पंचायतो मे, (सुविधा केंद्र) में जाकर शीघ्रातिशीघ्र केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि उन्हें प्रत्येक माह इस योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। श्रीमति सरिता ठाकुर द्वारा सभी माताओं एवं बहनों से आग्रह किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें एवं अन्य हितग्राहियों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे, साथ ही जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन बहनों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी अनुरोध है कि वे इस सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।

**अभियान :** घर-घर पहुंचे कार्यकर्ता, वरिष्ठों का सम्मान कर परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत

# राजिम मंडल में गांव-बस्ती चलो अभियान, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा मंडल राजिम के अंतर्गत ग्राम बरोंडा में बस्ती चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क एवं चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया गया, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया तथा समाज के प्रमुखजनों से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। आज हम सब भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत एक ऐतिहासिक संकल्प के साथ यहाँ उपस्थित हुए हैं। यह अभियान केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अंत्योदय' के सपने को साकार करने का एक महायज्ञ है। राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि इस अभियान का मूल मंत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण है।

राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि इस अभियान का मूल मंत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण है। भाजपा का यह अभियान इस विचार पर आधारित है कि सरकार को जनता के पास जाना चाहिए, न कि जनता को सरकार के पास। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम हर गांव और हर बस्ती के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच रहे हैं। भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा इस अभियान के जरिए हितग्राहियों से सीधा संवाद कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने का अवसर मिला। श्री साहू ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा ने कहा बस्ती चलो अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है और सभी कार्यकर्ताओं को पूरे उत्साह व समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया,शैलेन्द्र साहू,जनपद सदस्य आशीष पांडे, भाजयुमो नेता आशीष पांडे, बादल साहू, युवराज साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल के अध्यक्ष डोमार ध्रुव, महिला मोर्चा राजिम अध्यक्ष कांति सोनकर, मनीषा शर्मा, ऋषि दुबे, सोहन वर्मा, पुरसोत्तम साहू, सरपंच धनसाय निषाद, उपसरपंच वंदना साहू, गोविंद साहू, श्यामरतन साहू, छत्रपाल साहू, हेमलाल चक्रधारी, मुन्ना साहू, तोषण निषाद, रामकुमार निषाद, चित्ररेखा वर्मा, गोमती साहू, ललिता यादव, कौशल्या साहू, राजकुमारी चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित थे।




### दादरझोरी और पारागांव में भाजपा का गांव चलो अभियान



***नवापारा-राजिम।*** *ग्राम पंचायत दादरझोरी एवं पारागांव में गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क एवं चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया और केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हितग्राहियों से सीधा संवाद किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा परदेसी राम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मुख्य प्राथमिकता है। बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सीधा जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। राशि उनके खाते में ट्रांसफर हो रहा है जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिला है वहीं किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य एकमुश्त प्राप्त हो रहा है साथ ही किसान सम्मन निधि और भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी योजनाओं का लाभ तथा गरीबों को पक्का आवास का भी लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मयाराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि भीखम साहू, प्राधिकृत अधिकारी किशन साहू, पूर्व जनपद सदस्य कमलनारायण साहू, द्रिजराम साहू, चुम्मन साहू ,नरेंद्र बर्मन ,चन्दु राम ,अमर सिंह ,गणेश साहू ,समारु साहू ,नाथूराम साहू ,चन्द्रशेखर ,बरातु राम ,फिरतु राम ,नारायण साहू ,नरोत्तम ,तुकाराम ,भुखन साहू,नेतराम ,भुवन ,दिगम्बर साहू ,यशवंत साखरे ,राजेन्द्र ,गिरवर रात्रे ,पवन देवांगन ,अविनाश ,मुकेश देवांगन ,नुतन देवांगन ,कौशल बांसवार ,नंदकुमार ,गितेश साहू ,पवन साहू ,वरुण साहू ,देव साहू ,संतोष साहू ,कौशल निषाद ,सुनिता सिंह मौजूद थे।*

### भाजपा स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के दिन वरिष्ठ भाजपाई सरपंच रमेश वर्मा ,वरिष्ठ कार्यकर्ता टीकू यादव द्वारा ग्राम में स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गांव के बड़े तालाब, छोटे तालाब में सफाई किया गया। इस दौरान उप सरपंच प्रतिनिधि खिलावन साहू, रामजी खिलवारे, मोहन साहू, पंच प्रेम खुटीयारे, परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष पारसमणी साहू, रामखिलावन साहू मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना पर झूठ की राजनीति बंद करें

राजिम। भारतीय जनता पार्टी ने महतारी वंदन योजना को लेकर फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम पर सीधा हमला बोलते हुए पूर्व सांसद प्रतिनिधि खुशी साहू ने कहा कि अब जनता को गुमराह करने की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। खुशी साहू ने पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग खुद अपने कार्यकाल में महिलाओं को सिर्फ वादों में उलझाए रखते थे, वे आज हकीकत से आंखें चुराकर झूठ की राजनीति कर रहे हैं। महतारी वंदन योजना कोई कागजी घोषणा नहीं, बल्कि लाखों माताओं-बहनों के जीवन में सीधा बदलाव लाने वाली योजना है। जिनके घर में पहली बार सम्मान के साथ पैसा पहुंचा है, वे सच्चाई जानते हैं, न कि मंचों से झूठ बोलने वाले नेता। पार्टी ने विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो जमीन पर आकर महिलाओं से पूछ लें कि किसने उनका सम्मान बढ़ाया और किसने सालों तक सिर्फ धोखा दिया।



### राजिम के विल्सन बांधेकर बने विवि विभाग सचिव

**राजिम।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयुआई छत्तीसगढ़ ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट कैंपस में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस नई टीम में राजिम क्षेत्र के युवा और सक्रिय कार्यकर्ता विल्सन बांधेकर को विश्वविद्यालय विभाग सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पुनेश्वर लहरे एवं प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के अनुमोदन से की गई है। विल्सन बांधेकर की इस नियुक्ति से राजिम क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। स्थानीय छात्र-नेताओं और युवाओं ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है। उनका मानना है कि इस निर्णय से न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि राजिम क्षेत्र के छात्रों को भी अपनी आवाज उठाने के लिए एक मजबूत मंच प्राप्त होगा।



### इंद्रकुमार साहू ने हितग्राहियों का किया सम्मान, संगठन की मजबूती पर जोर

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी 'घर चलो, बस्ती चलो' एवं 'गांव चलो' अभियान के तहत खोरपा मंडल के ग्राम संकरी में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बस्तियों और गांवों के चौक-चौराहों पर आमजन से संवाद कर केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान कर कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जन-जन तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

**समस्या : आए दिन हो रहे हादसों ने कई परिवारों के चिराग बुझा दिए**

# नेशनल हाईवे 130 बना डेथ जोन, राजिम का महानदी पुल और श्यामनगर मोड़ जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हरिभूमि ग्राउंड रिपोर्ट

नेशनल हाईवे 130 रायपुर-देवभोग-ओडिशा मार्ग इन दिनों रफ़्तार के शौकीनों के लिए काल साबित हो रहा है। राजिम अंचल के दो प्रमुख स्थान महानदी पुल और सुरसाबांधा-श्यामनगर के बीच का अंधा मोड़ अब ब्लैक स्पॉट में तब्दील हो चुके हैं। यहां आए दिन हो रहे हादसों ने कई परिवारों के चिराग बुझा दिए हैं, लेकिन विडंबना यह है कि न तो प्रशासन की नींद टूट रही है और न ही वाहन चालकों की रफ़्तार थम रही है। राजिम का महानदी पुल अब दुर्घटनाओं का पर्याय बनता जा रहा है। पुल की चौड़ाई सीमित है, जहां एक साथ केवल दो वाहन ही आमने-सामने से गुजर सकते हैं। बावजूद इसके, वाहन चालक धैर्य खोकर तेज रफ्तार में ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। राजिम से महज 11 किमी दूर श्यामनगर और सुरसाबांधा के बीच तालाब के पास स्थित अंधा मोड़ 'मौत का मोड़' बन चुका है। सड़क की बनावट ऐसी है कि श्यामनगर से चढ़ाव के बाद अचानक आने वाले इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रहा वाहन अंतिम क्षण तक दिखाई नहीं देता। 24 मार्च की वो काली तारीख: पिछले साल 24 मार्च 2025 को इसी स्थान पर एक हृदयविदारक हादसा हुआ था, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। जेंजरा गांव के तीन किशोरों-नोमचंद साहू, घनश्याम साहू और शीतल साहू (उम्र 17-19 वर्ष) की इस अंधे मोड़ पर अकाल मौत हो गई थी। इसी स्थान पर पीछे से आ रहे पुरुषोत्तम कंवर और चंदरु कंवर भी गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनमें से पुरुषोत्तम आज भी बिस्तर पर हैं।





**स्पीड ब्रेकर का निर्माण हो**

सोसाइटी अध्यक्ष महेश साहू और उपसरपंच प्रमोद साहू ने प्रशासन से मांग कि है। इस ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर तत्काल सुरक्षा उपाय किए जाएं। तीखे मोड़ पर तत्काल स्पीड ब्रेकर का निर्माण। बड़े और स्पष्ट चेतावनी बोर्ड व रिफ्लेक्टर लगाना। पुल और मोड़ पर निरंतर पुलिस गश्त की व्यवस्था।

**तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की जरुरत**

नागरिकों का कहना है कि पुल पर न तो पर्याप्त ट्रैफिक नियंत्रण है और न ही चेतावनी संकेतों का सही इंतजाम। सुरक्षा उपायों का अभाव भी दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल पर साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर की व्यवस्था की जाए। विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी सड़क को ब्लैक स्पॉट तब माना जाता है जब वहां बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं और जान-माल का नुकसान होता है। राजिम का यह पुल भी अब उसी श्रेणी में आता नजर आ रहा है, जहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया है। अगर समय रहते प्रशासन और पुलिस विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में यह पुल और भी बड़े हादसों का कारण बन सकता है। वहीं, वाहन चालकों को भी समझदारी दिखाते हुए संयम और नियमों का पालन करना होगा, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके।


**राजिम-गरियाबंद मार्ग का खतरनाक मोड़ बना मौत का ब्लैक स्पॉट**

राजिम-गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 पर राजिम से 11 किमी दूर श्यामनगर-सुरसाबांधा के बीच तालाब के पास लगातार हो रहे हादसे और चेतावनी के बावजूद रफ्तार थमने का नाम नही ले रही है। इस ब्लेक स्पाट में जेंजरा गांव के तीन युवाओं की मौत हो गई थी। ये दोपहिया में सवार थे। यह स्पाट एक तरह से अंधा मोड़ के समान ही है जो गंभीर हादसों का केंद्र बन चुका है। यहां आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो वाहन चालकों में सुधार दिख रहा है और न ही अब तक पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। पिछले साल की दर्दनाक एक घटना ने लोगो के सबक के लिए उदाहरण बन जाना था। बता दें कि इस खतरनाक मोड़ की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है जहां तीन युवाओं की मौत से सड़क लाल हो गया था। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था।

## रसेला के जंगलों में महुआ बीनने की मची होड़, बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में महुआ कुदरत का उपहार है, महुआ के फल और फूल पर ही ग्रामीणों की जिंदगी टिकी है। जहां लोगों को गर्मी की आहट से ही टेंशन होने लगती है, वहीं ग्रामीण परिवारों के लिए गर्मी की दस्तक खुशियां लेकर आती हैं। इस अंचल में लोग मार्च के आगमन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए मार्च-अप्रैल और मई खुशियां लेकर आता है। परिवार के बच्चों से लेकर बुजुर्ग इन 3 माह बेहद व्यस्त हो जाते हैं। अपनी आजीविका की गाड़ी आगे चलाने के लिए फरवरी के अंतिम सप्ताह से महुआ के पेड़ों में फल आने शुरू हो जाते हैं। महुआ के इन फूलों को इकट्ठा करने के लिए ग्रामीण सुबह से लेकर शाम तक व्यस्त रहते हैं। महुआ के फूल के बाद इस पेड में फल आते हैं, जिसे



गुली कहते हैं, गुली तोड़कर भी ग्रामीणजन ठीक-ठाक इनकम कमा लेते हैं। क्षेत्र के जंगलों में महुआ बीनने का काम जोर शोर से चल रहा है। अंचल के जंगलों में महुआ के पेड़ों से महुआ फूल पानी की तरह टपक रहे हैं, इससे समेटने के लिए ग्रामीण परिवार सहित अलसुबह घर से टोकरियां और बर्तन लेकर निकल पड़ते हैं। तड़के सुबह से लेकर दोपहर तक महुआ बीनने का काम चलता है,कई जगहों पर सुबह के साथ ही शाम को भी महुआ बीनने में ग्रामीण व्यस्त हैं। ग्रामीण हेमलता ध्रुव, कुबेर बारिक, देवलाल बारिक, मालती मरकाम, पीला बाई ठाकुर, मोहन नायक, खिलेश्वर नायक, त्रिलोक ध्रुव आदि लोगों का कहना है कि महुआ के फूल उनके लिए खजाने से कम नहीं है, दो से ढाई माह का उन्हें एक प्रकार से रोजगार मिल जाता है। महुआ बीनने वालों ने बताया कि पूरे दिन व रातभर महुआ पेड़ों से फूल गिरते हैं, लेकिन महुआ की ज्यादा बारिश सुबह 5 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक होती है। रोजगार की खातिर लोग चिलचिलाती धूप की परवाह नहीं करते। दो से तीन माह एक ही काम में व्यस्त रहते हैं। गर्मी का मौसम ग्रामीणों के लिए खुशहाली का प्रतीक है।

## बस्ती चलो अभियान में भाजपाइयों ने तर्रा श्यामनगर व परतेवा में किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम तर्रा, श्यामनगर एवं परतेवा में बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर आमजनो से आत्मीय संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू ने किसानों के हित में संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि जनसेवा ही भाजपा का मूल उद्देश्य है और हर घर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने कार्यकताअरं से संगठन को मजबूत करने एवं निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।



महिला मोर्चा जिला महामंत्री भारती साहू ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर उपाध्यक्ष तारणी सेन, महामंत्री हेमंत वर्मा, धानबाई साहू, सरपंच ममता साहू, मंडल मंत्री ग्वाल तारक, राजेश साहू, भुनेश्वरी साहू, होरीलाल निर्मलकर, गैंदलाल साहू, राकेश निर्मलकर, लुमश साहू, जालम साहू, घांसूराम साहू, भुनेश्वर साहू, उत्तम साहू, नोखेलाल साहू, चेमन साहू, तुकेश साहू, घनश्याम साहू, डॉ. उदेराम साहू, जितेंद्र साहू, राज साहू, कृषलाल साहू, कीर्तन साहू, विनोद पटेल, लालजी साहू, उपसरपंच वामन निर्मलकर, हीरामन साहू, प्रमोद साहू, चितरंजन साहू एवं कोमल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में मोहिनी बनी स्मार्ट माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रम अंगना म शिक्षा एवं पढ़ई तिहार का आयोजन संकुल केंद्र किरवई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा के निर्देशन एवं संकुल प्राचार्य आलोक शर्मा तथा संकुल समन्वयक सुखेन साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान माताएं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए खुद तैयार हुईं और संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक, मानसिक,बौद्धिक,नैतिक और



व्यक्तित्व विकास पर फोकस करते हुए विभिन्न काउंटर के माध्यम से नौनिहालों को उन माताओं के माध्यम से ही विभिन्न रुचिकर एक्टिविटीज करवाई गई,जिनमें पेपर क्राफ्ट,रंगों की पहचान,गिनतारा,गणित के खेल,आकार तथा खिलौनों के माध्यम से विभिन्न गेम्स कराए गए जिससे उनका शैक्षणिक विकास हो सके। इस अवसर पर विभिन्न माताओं ने अपनी अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह बहुत ही रूचिकर एवं महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसके माध्यम से हम घर पर भी बच्चों को स्थानीय परिवेश एवं सामाग्री का उपयोग करके बच्चों को शैक्षणिक क्रियाकलापों में शामिल करते हुए उनके बौद्धिक विकास में अपनी योगदान दे सकते हैं। माताओं को प्रेरित करते हुए शिक्षक महेन्द्र पंत ने कहा कि बच्चों का सवांगीण विकास शिक्षा,पालक और बालक के समन्वित प्रयास से ही सम्भव होता है। कार्यक्रम का संचालन अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षिका मनीषा दीवान एवं पदमनी साहू के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, प्रीति नायक, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, पदमनी साहू, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान तथा पालक माताओं में प्रेमीन साहू, गीता साहू, संतोषी सेन, वंदना साहू, वीना तारक, मोहिनी साहू, यमुना साहू, उषा तारक, सतवंतीन कन्नोजे, लक्ष्मी साहू, चित्ररेखा साहू, गुलापा साहू, विमला तारक एवं शाला के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा ने परसदाकला और बेलर के घर-घर पहुंचाई सरकारी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भारतीय जनता पार्टी के 47वां स्थापना दिवस के तहत गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा की केंद्र व राज्य शासन के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के आम जनता के बीच फिंगेश्वर मण्डल के ग्राम परसदाकला एवं बेलर में आम लोगो के घर घर-जन जन तक पंहुचाया गया। सरपंच गणेशाराम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर, अश्वनी विश्कर्मा अध्यक्ष सहकारी समिति फिंगेश्वर, भुवन साहू महामंत्री, अरुण ध्रुव, रवि साहू भाजयुमो, अध्यक्ष, बालिक



राम अध्यक्ष हाई स्कूल, खालेश साहू, किसलाल साहू, अध्यक्ष पिछड वर्ग तुलाराम साहू, लेख राम रात्रे, गजेंद्र साहू, जयप्रकाश, सालिक साहू, पूरन साहू, रामू यादव, सुमन साहू, टायल साहू, अनिल साहू, हीरामन साहू, आसाराम साहू, उदय राम साहू, राकेश साहू, रेवा साहू, गणपत धनीराम, बिसहत राम साहू, बिंदु साहू, चैन सिंह साहू, भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

**नवागांव हुआ राममय, ओडिशा और कवर्धा जैसे दूरस्थ स्थानों से भी पहुंचे कथाकार**

# मानस गान में उमड़े भक्त, देर रात तक गूंजती रही राम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे ग्राम लखना-नवागांव इन दिनों पूर्णतः भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में डूबा हुआ है। यहाँ भगवान श्रीरामचंद्र जी के मानसगान संगीत का भव्य आयोजन जारी है जहाँ देर रात तक श्रद्धालु एवं श्रोता बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर रामकथा का रसपान कर रहे हैं। विशेष रूप से मातृशक्तियों की उल्लेखनीय भागीदारी इस आयोजन को और भी दिव्य बना रही है। मंच की भव्य सजावट और धार्मिक माहौल ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा गाँव राममय हो गया हो। हर ओर भक्ति, संगीत और श्रद्धा का संगम देखने को मिल रहा है। रविवार को प्रेरणा मानस मंडली, रामनगर भिलाई सुपेला द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। मंडली का मुख्य उद्देश्य रामचरितमानस का प्रचार-प्रसार करते हुए मानव जीवन में देवत्व का संचार करना है। इस मंडली की व्याख्याकार कुमारी तनुश्री साहू ने अपने मधुर स्वर और आर्गन की ताल से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन पर राणेश्वरी साहू एवं बांसुरी पर तेज नागवंशी ने संगत देकर प्रस्तुति को और आकर्षक बनाया। इसके साथ ही बालगोपाल मानस परिवार, सुखतरा कवर्धा की टीम ने भी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। व्याख्याकार गोविंद यादव के भावपूर्ण वर्णन और बांसुरी पर लक्ष्मण पटेल की मधुर तान ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ओड़िशा के नुआपाड़ा तहसील के आमानारा से आई श्रीरामचरित मानस मंडली ने भी अपने सशक्त प्रस्तुतीकरण से ग्रामवासियों का दिल जीत लिया। माधुरी महिला मानस मंडली, नहरगांव जिला गरियाबंद की प्रस्तुति में पुष्पांजलि सिन्हा, रामेश्वरी सिन्हा, अनिता ,ओमिका ध्रुव की भावपूर्ण गायन ने सभी को भावविभोर कर दिया। रामचरित मानस मंडली डोटोपार से आए व्याख्याकार वेदप्रकाश वर्मा ने भी भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।





**सफल संचालन और व्यवस्था**

नवागांव पहले से ही धार्मिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध रहा है, और यहाँ के लोगों की भगवान श्रीराम के प्रति अगाध श्रद्धा इस आयोजन में साफ झलक रही है। पूरा गाँव इस समय एक धार्मिक उत्सव के रूप में परिवर्तित हो चुका है। कार्यक्रम का सफल एवं आकर्षक संचालन सुप्रसिद्ध मंच संचालक सुरेश शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जिनकी शैली ने आयोजन में चार चांद लगा दिए हैं। कुल मिलाकर, यह मानसगान महोत्सव न केवल भक्ति का संदेश दे रहा है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411